(b) whether it is also a fact that change orders were accepted by Indian Oil Corporation in respect of itmes 13 to 26 without any price reduction to suit the specifications offered by Nissho Iwai Corporation, if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Yes, Sir.

(b) Information is being collected and will be placed on the Table of the House.

मध्य प्रदेश में गैस पर आधारित विद्युत परियोजनाओं के लिए गैस

1028. **श्री राघवजी :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को अगस्त, 1991 में मध्य प्रदेश राज्य विधान परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से इस संकल्प की जानकारी है कि उस राज्य को गैस पर आधारित विद्युत संयंत्र की स्थापना करने के लिए गैस उपलब्ध कराई जाए ;

(ख) यदि हां, तो उस पर केंद्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) गैस उपलब्ध कराने की अनुमति कब तक दे दी जाएगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) से (ग) मध्य प्रदेश सरकार के अनुसार मध्य प्रदेश विधान सभा ने अन्य बातों में से गैस पर आधारित एक विद्युत संयंत्र के लिए गैस के आबंटन हेतु आग्रह करते हुए एक संकल्प पारित किया है। गैस का आबंटन एच०बी०जे० पाइपलाइन से उपलब्ध होने वाली गैस की मात्रा पर निर्भर करेगा।

कोल इंडिया लि. की कार्य-प्रणाली की जांच

1029. **डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 12 अगस्त, 1991 के "दि हिन्दुस्तान टाइम्स" में "प्रोब इन्टू कोल इंडिया वर्किंग सोट" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार कोयला उद्योग की कार्य प्रणाली की जांच करने के लिए किसी विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो इस तरह की समिति के कब तक नियुक्त किए जाने की संभावना है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस. बी. नयमेगौड़ा) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) वर्तमान में कोयला उद्योग के क्रियाकलापों, की जांच किए जाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। किन्तु, औद्योगिक लागत एवं कीमत ब्यूरो (बी०आई०सी०पी०) ने इस उद्योग से संबंधित अन्य नीतिगत उपायों तथा उपयुक्त रूप में कीमतों की सिफारिश किए जाने की दृष्टि से कोयला उद्योग का एक विस्तृत रूप में अध्ययन कार्य शुरू किया है।

Inclusion of SC|ST and Minorities in Selection Committee/Boards

1030. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI: Will the Minister of POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state:

(a) whether Government of India's instructions of August, 1990 for inclu-